Title: Need to take action against two officials under training at Armed Core and Cadet School, Distt. Ahmednagar in Maharashtra on breaking signal and on misbehaving with military officials.

श्री रामदास अठावले : सभापति जी, महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में ३ जुलाई को आर्मड कोर एंड कैडेट स्कूल में प्रशिक्षण लेने वाले दो अधिकारियो ने एक रास्ता क्रास करने का प्रयत्न किया। एक समीर मोटे नाम के लडके ने उनको बोला कि आप सिगनल तोड रहे है, तो उसके बाद इन अधिकारियो ने उस लडके को बहुत पीटा। उसके बाद वे अशोक चान्दुरकर नाम के कार्यकर्ता के घर चले गए और वहां कम से कम ४०-५० मिलिट्री अधिकारियो ने गुंडागर्दी करने का प्रयत्न किया। उसके संबंध में हमारे रक्षा विभाग के विचार करना चाहिए और उन अधिकारियो पर कार्यवाही करना चाहिए और इस बारे में कुछ न कुछ तो होना चाहिए।